प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना

विशेष शिक्षा में माता-पिता के अधिकार और जिम्मेदारियाँ

विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा अधिनियम (Individuals with Disabilities Education Act, IDEA), जो कि विकलांग छात्रों की शिक्षा से संबंधित एक संघीय कानून है, उसके अनुसार यह आवश्यक है कि स्कूल आपको, यानि विकलांग बच्चे के माता-पिता को, एक सूचना प्रदान करे, जिसमें IDEA और अमेरिकी शिक्षा विभाग (U.S. Department of Education) के नियमों के तहत उपलब्ध प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की पूरी जानकारी दी गई हो।

जुलाई 2026 को अपडेट किया गया

विषय-सूची

IDEA भाग B: प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय सूचना.....5

सामान्य जानकारी.....**6**

34 CFR §300.503 - पूर्व लिखित सूचना.....6

सूचना.....6

सूचना की सामग्री.....6

समझने योग्य भाषा में सूचना.....6

34 CFR §300.29 - मातृभाषा.....7

34 CFR §300.505 - इलेक्ट्रॉनिक मेल.....7

34 CFR §300.9 - माता-पिता की सहमति: परिभाषा.....7

सहमति.....7

34 CFR §300.300 - माता-पिता की सहमति.....8

प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति.....8

राज्य के आश्रित बच्चों के प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए विशेष नियम.....8

सेवाओं के लिए माता-पिता की सहमति.....9

पुनर्मूल्यांकन के लिए माता-पिता की सहमति.....10

माता-पिता की सहमति प्राप्त करने के लिए उचित प्रयासों का दस्तावेजीकरण.....10

अन्य सहमति आवश्यकताएँ.....10

34 CFR §300.502 - स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन.....11

सामान्य.....11

परिभाषाएँ.....11

सार्वजनिक व्यय पर मूल्यांकन का अधिकार.....11

माता-पिता द्वारा शुरू किए गए मूल्यांकन.....12

एक प्रशासनिक कानून न्यायाधीश द्वारा मूल्यांकन के लिए अनुरोध.....12

पब्लिक स्कूल यूनिट मानदंड.....12

जानकारी की गोपनीयता.....**13**

34 CFR §300.611 - परिभाषाएँ.....13

34 CFR §300.32 - व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य.....13

34 CFR §300.612 - माता-पिता को सूचना.....13

34 CFR §300.613 - पहुँच अधिकार.....14

34 CFR §300.614 - पहुँच का रिकॉर्ड.....14

34 CFR §300.615 - एक से अधिक बच्चों पर रिकॉर्ड.....15

34 CFR §300.616 - जानकारी के प्रकार और स्थानों की सूची.....15

34 CFR §300.617 - शुल्क.....15

34 CFR §300.618 - माता-पिता के अनुरोध पर अभिलेखों का संशोधन.....15

34 CFR §300.619 - सुनवाई का अवसर.....15

34 CFR §300.621 - सुनवाई प्रक्रिया.....15

34 CFR §300.620 - सुनवाई का परिणाम....16
34 CFR §300.622 - व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी के प्रकटीकरण के लिए सहमति....16
34 CFR §300.623 - सुरक्षा उपाय....16
34 CFR §300.624 - सूचना नष्ट करना....17
राज्य की शिकायत संबंधित प्रक्रियाएँ....18
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायतों और सुनवाइयों तथा राज्य की शिकायतों की प्रक्रियाओं के बीच अंतर....18
34 CFR §300.151 - राज्य की शिकायत प्रक्रियाओं को अपनाना....18
सामान्य....18
उचित सेवाएँ उपलब्ध न कराए जाने का समाधान....18
34 CFR §300.152 - न्यूनतम राज्य की शिकायत प्रक्रियाएँ....19
समय-सीमा; न्यूनतम प्रक्रियाएँ....19
समय विस्तार; अंतिम निर्णय; कार्यान्वयन....19
राज्य की शिकायतें और न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाइयाँ....19
34 CFR §300.153 - राज्य की शिकायत दर्ज करना....20
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत संबंधित प्रक्रियाएँ....21
34 CFR §300.507 - न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करना....21
सामान्य....21
माता-पिता के लिए सूचना....21
34 CFR §300.508 - न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत....21
सामान्य....21
शिकायत की सामग्री....21
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर सुनवाई से पहले सूचना की आवश्यकता होती है....22
शिकायत की पर्याप्तता....22
शिकायत संशोधन....22
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर पब्लिक स्कूल यूनिट की प्रतिक्रिया....22
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर अन्य पक्ष की प्रतिक्रिया....23
34 CFR §300.509 - मॉडल फॉर्म....23
34 CFR §300.506 - मध्यस्थता....23
सामान्य....23
आवश्यकताएँ....23
मध्यस्थ की निष्पक्षता....24
34 CFR §300.510 - संकल्प प्रक्रिया....24
समाधान मीटिंग....24
समाधान अवधि....25
30 दिन की समाधान अवधि के लिए समायोजन....26
लिखित समाधान समझौता....26
समझौते की समीक्षा अवधि....26

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायतों पर सुनवाई.....**27**
34 CFR §300.511 - निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया की सुनवाई..... 27
सामान्य..... 27
निष्पक्ष प्रशासनिक कानून न्यायाधीश.....27
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की सुनवाई की विषय-जानकारी..... 27
एक सुनवाई का अनुरोध करने की समय-सीमा.....27
समय-सीमा के अपवाद.....27
34 CFR §300.512 - सुनवाई का अधिकार..... 28
सामान्य..... 28
जानकारी का अतिरिक्त प्रकटीकरण..... 28
सुनवाई में माता-पिता के अधिकार.....28
34 CFR §300.513 - सुनवाई के निर्णय..... 28
प्रशासनिक कानून न्यायाधीश का निर्णय..... 28
न्यायपूर्ण प्रक्रिया की सुनवाई के लिए अलग अनुरोध.....29
सलाहकार पैनल और आम जनता को प्रदान किए गए निष्कर्ष और निर्णय.....29

अपील.....**30**
34 CFR §300.514 - निर्णय की अंतिमता..... 30
सुनवाई के निर्णय की अंतिमता..... 30
34 CFR §300.515 - सुनवाई और समीक्षा की समय-सीमा और सुविधा..... 30
34 CFR §300.516 - सिविल कार्रवाई, जिसमें ऐसी कार्रवाई दायर करने की समय-सीमा शामिल है.....30
सामान्य..... 30
समय-सीमा.....30
अतिरिक्त प्रक्रियाएँ.....30
जिला अदालतों का अधिकार क्षेत्र..... 31
निर्माण का नियम.....31
34 CFR §300.518 - बच्चे का प्लेसमेंट, जब न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत और सुनवाई लंबित हो..... 31
34 CFR §300.517 - वकीलों का शुल्क..... 32
सामान्य..... 32
शुल्क का निर्धारण..... 32

विकलांग बच्चों को अनुशासित करते समय प्रक्रियाएँ.....**34**
34 CFR §300.530 - स्कूल कर्मियों का प्राधिकरण.....34
मामला-दर-मामला निर्धारण.....34
सामान्य..... 34
अतिरिक्त प्राधिकरण.....34
सेवाएँ.....34
अभिव्यक्ति का निर्धारण..... 35
निर्धारण कि वह व्यवहार बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति था.....35

विशेष परिस्थितियाँ..... 36
परिभाषाएँ..... 36
अधिसूचना..... 36
34 CFR §300.536 - अनुशासनात्मक निष्कासन के कारण प्लेसमेंट में परिवर्तन..... 36
34 CFR §300.531 - सेटिंग का निर्धारण..... 37
34 CFR §300.532 - अपील..... 37
सामान्य..... 37
प्रशासनिक कानून न्यायाधीश का अधिकार..... 37
34 CFR §300.533 - अपील के दौरान प्लेसमेंट..... 38
34 CFR §300.534 - उन बच्चों के लिए सुरक्षा जो अभी तक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र नहीं हैं..... 38
सामान्य..... 38
अनुशासनात्मक मामलों के लिए ज्ञान का आधार..... 38
अपवाद..... 39
ज्ञान का कोई आधार नहीं होने पर लागू होने वाली शर्तें..... 39
34 CFR §300.535 - कानून प्रवर्तन और न्यायिक अधिकारियों द्वारा रेफरल और कार्रवाई..... 39
अभिलेखों का संचरण..... 40
सार्वजनिक खर्च पर निजी स्कूलों में बच्चों के माता-पिता द्वारा एकतरफा प्लेसमेंट के लिए आवश्यकताएँ..... 41
34 CFR §300.148 - सामान्य..... 41
निजी स्कूल प्लेसमेंट के लिए प्रतिपूर्ति..... 41
प्रतिपूर्ति पर सीमा..... 41

IDEA भाग B: प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय सूचना

स्कूलों के लिए यह जरूरी है कि वे विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा अधिनियम (IDEA), जो कि विकलांग छात्रों की शिक्षा से जुड़ा एक संघीय कानून है, उसके तहत विकलांग बच्चे के माता-पिता को एक सूचना दें जिसमें IDEA और U.S. शिक्षा विभाग के नियमों के तहत उपलब्ध प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के बारे में पूरी जानकारी दी गई हो। इस सूचना की एक प्रति आपको स्कूल वर्ष में केवल एक बार दी जानी चाहिए, सिवाय इसके कि इसकी एक प्रति आपको भी निम्नलिखित अवसरों पर भी दी जानी चाहिए: (1) प्रारंभिक रेफरल या आपके द्वारा मूल्यांकन का अनुरोध किए जाने पर; (2) किसी स्कूल वर्ष में 34 संघीय विनियमों की संहिता (Code of Federal Regulations, CFR) §§300.151 से 300.153 के तहत आपकी पहली राज्य की शिकायत प्राप्त होने पर और §300.507 के तहत आपकी पहली न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत प्राप्त होने पर; (3) जब आपके बच्चे के खिलाफ ऐसी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया जाता है जिसमें उसके प्लेसमेंट में परिवर्तन होता है; और (4) आपके अनुरोध पर। [34 CFR §300.504(a)]

इस प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना में §300.148 (सार्वजनिक खर्च पर एक निजी स्कूल में बच्चे का एकतरफा प्लेसमेंट), §§300.151 से 300.153 (राज्य की शिकायत प्रक्रियाएँ), §300.300 (माता-पिता की सहमति), §§300.502 और 300.503 (व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम [Individualized Education Program, IEP] और पूर्व लिखित सूचना), §§300.505 से 300.518 (अन्य प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय, उदाहरण के लिए, मध्यस्थता, न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायतें, समाधान प्रक्रिया, और निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई), §§300.530 से 300.536 (भाग B नियमों के उपभाग E में प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय), और §§300.610 से 300.625 (उपभाग F में जानकारी की गोपनीयता संबंधित प्रावधान) के अंतर्गत उपलब्ध सभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की पूरी जानकारी शामिल होनी चाहिए।

सामान्य जानकारी

34 CFR §300.503 - पूर्व लिखित सूचना

सूचना

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को, निम्नलिखित कार्रवाई करने से उचित समय पहले, आपको लिखित सूचना देनी होगी (आपको लिखित रूप में कुछ जानकारी प्रदान करनी होगी):

1. आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक प्लेसमेंट को शुरू करने या उसमें बदलाव करने, या आपके बच्चे को मुफ्त उचित सार्वजनिक शिक्षा (Free Appropriate Public Education, FAPE) का प्रदान करने का प्रस्ताव करती है; <u>या</u>
2. आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक प्लेसमेंट को शुरू करने या उसमें बदलाव करने या आपके बच्चे को FAPE प्रदान करने से इनकार करती है।

सूचना की सामग्री

लिखित सूचना में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

1. उस कार्रवाई का वर्णन, जो आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट प्रस्तावित करती है या करने से इनकार करती है;
2. यह जानकारी कि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट कार्रवाई करने का प्रस्ताव या इनकार क्यों कर रही है;
3. आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा उस कार्रवाई का प्रस्ताव करने या उसे अस्वीकार करने का निर्णय लेने में उपयोग की गई प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, आकलन, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का वर्णन;
4. यह कथन कि IDEA के भाग B में प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के प्रावधानों के तहत आपको सुरक्षा प्राप्त है;
5. यदि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा प्रस्तावित या अस्वीकार की गई कार्रवाई मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक रेफरल नहीं है, तो आपको यह जानकारी कि आप प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का विवरण कैसे प्राप्त कर सकते हैं ;
6. IDEA के भाग B को समझने में सहायता के लिए आप जिन संसाधनों से संपर्क कर सकते हैं, उनकी जानकारी;
7. आपके बच्चे की व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) टीम द्वारा विचार किए गए किसी अन्य विकल्प और उन विकल्पों को अस्वीकार करने के कारणों का वर्णन; <u>और</u>
8. आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा कार्रवाई का प्रस्ताव करने या उसे अस्वीकार करने के अन्य कारणों का विवरण।

समझने योग्य भाषा में सूचना

सूचना:

1. आम जनता के लिए समझने योग्य भाषा में लिखी जानी आवश्यक है; <u>और</u>

2. आपकी मातृभाषा या आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार के अन्य माध्यम में प्रदान की जानी चाहिए, जब तक कि ऐसा करना स्पष्ट रूप से व्यावहारिक न हो।

यदि आपकी मातृभाषा या संचार का अन्य तरीका लिखित भाषा नहीं है, तो आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि:

1. सूचना का अनुवाद आपके लिए मौखिक रूप से या अन्य माध्यमों से आपकी मातृभाषा या संचार के अन्य तरीके से किया जाता है;
2. आप सूचना की सामग्री को समझते हैं; और
3. इस बात का लिखित प्रमाण हो कि अनुच्छेद 1 और 2 में दी गई आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

34 CFR §300.29 - मातृभाषा

मातृभाषा, जब किसी ऐसे व्यक्ति के संदर्भ में उपयोग की जाती है जिसके पास सीमित अंग्रेजी दक्षता है, तो इसका अर्थ निम्नलिखित है:

1. उस व्यक्ति द्वारा आमतौर पर बोली जाने वाली भाषा, या बच्चे के मामले में, बच्चे के माता-पिता द्वारा आमतौर पर बोली जाने वाली भाषा;
2. बच्चे के साथ सभी प्रत्यक्ष संपर्कों के दौरान (बच्चे के मूल्यांकन सहित), घर या सीखने के वातावरण में बच्चे द्वारा सामान्यतः उपयोग की जाने वाली भाषा।

बधिरता या दृष्टिबाधिता वाले व्यक्ति, या ऐसे व्यक्ति के लिए जिसकी कोई लिखित भाषा नहीं है, संचार का माध्यम वह होगा जिसका व्यक्ति सामान्यतः उपयोग करता है (जैसे सांकेतिक भाषा, ब्रेल या मौखिक संचार)।

34 CFR §300.505 - इलेक्ट्रॉनिक मेल

यदि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट माता-पिता को ई-मेल द्वारा दस्तावेज़ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है, तो आप ई-मेल द्वारा निम्नलिखित प्राप्त करना चुन सकते हैं:

1. पूर्व लिखित सूचना;
2. प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय सूचना; और
3. न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत से संबंधित सूचना।

34 CFR §300.9 - माता-पिता की सहमति: परिभाषा

सहमति

सहमति का अर्थ है*:*

1. आपको अपनी मातृभाषा या संचार के अन्य तरीके (जैसे सांकेतिक भाषा, ब्रेल या मौखिक संचार) में उस कार्रवाई के बारे में सारी जानकारी दे दी गई है जिसके लिए आप सहमति दे रहे हैं।
2. आप उस कार्रवाई को समझते हैं और उसके लिए लिखित रूप में सहमत हैं, तथा सहमति में उस कार्रवाई का वर्णन और जारी किए जाने वाले रिकॉर्ड (यदि कोई हों) तथा वे रिकॉर्ड किसे दिए जाएँगे, इसकी सूची दी गई है; और

3. आप समझते हैं कि सहमति आपकी ओर से स्वैच्छिक है और आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं।

यदि आप अपने बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ मिलने के बाद अपनी सहमति को रद्द करना (वापस लेना) चाहते हैं, तो आपको लिखित रूप में ऐसा करना होगा। आपकी सहमति वापस लेने से वह कार्रवाई निरस्त (पूर्ववत) नहीं होती जो आपके द्वारा अपनी सहमति देने के बाद और उसे रद्द करने से पहले हुई है। इसके अलावा, पब्लिक स्कूल यूनिट को आपके बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड में संशोधन (परिवर्तन) करने की आवश्यकता नहीं है ताकि आपके बच्चे को आपकी सहमति वापस लेने के बाद विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्राप्त होने वाले किसी भी संदर्भ को हटाया जा सके।

34 CFR §300.300 - माता-पिता की सहमति

प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट आपके बच्चे का शुरुआती मूल्यांकन करके यह तय नहीं कर सकता कि वह IDEA के भाग B के तहत विशेष शिक्षा और उससे जुड़ी सेवाएँ पाने के लायक है या नहीं, जब तक कि वे आपको प्रस्तावित कार्रवाई के बारे में पहले से लिखित सूचना न दें और आपकी सहमति न ले लें (जैसे कि पहले से लिखित सूचना और माता-पिता की सहमति शीर्षकों के तहत बताया गया है)।

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को यह तय करने के लिए प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सूचित सहमति प्राप्त करने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए कि आपका बच्चा विकलांग है या नहीं।

प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति का मतलब यह नहीं है कि आपने पब्लिक स्कूल यूनिट के लिए अपने बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करना शुरू करने के लिए अपनी सहमति भी दे दी है।

आपका पब्लिक स्कूल यूनिट, शुरुआती मूल्यांकन से जुड़ी किसी सेवा या गतिविधि के लिए सहमति न देने पर, आपको या आपके बच्चे को कोई दूसरी सेवा, लाभ या गतिविधि देने से मना नहीं कर सकता; सिवाय तब, जब भाग B की कोई दूसरी जरूरत पब्लिक स्कूल यूनिट को ऐसा करने के लिए मजबूर करे।

यदि आपका बच्चा पब्लिक स्कूल में भर्ती है या आप अपने बच्चे को एक पब्लिक स्कूल में भर्ती करना चाहते हैं और आपने सहमति प्रदान करने से इनकार कर दिया है या आप प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब देने में विफल रहे हैं, तो आप पब्लिक स्कूल यूनिट में IDEA की मध्यस्थता या न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत, समाधान मीटिंग और निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई प्रक्रियाओं का उपयोग करके अपने बच्चे का प्रारंभिक मूल्यांकन कराने की कोशिश कर सकते हैं। अगर आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट इन हालातों में आपके बच्चे का मूल्यांकन नहीं करती है, तो वह आपके बच्चे को खोजने, उसकी पहचान करने और उसका मूल्यांकन करने की अपनी जिम्मेदारियों का उल्लंघन नहीं करेगी।

राज्य के आश्रित बच्चों के प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए विशेष नियम

यदि कोई बच्चा राज्य का आश्रित है और अपने माता-पिता के साथ नहीं रह रहा है —

यदि निम्नलिखित में से कोई स्थिति हो, तो पब्लिक स्कूल यूनिट को प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए माता-पिता की सहमति की आवश्यकता नहीं है कि बच्चे को विकलांगता है या नहीं:

1. ऐसा करने के उचित प्रयासों के बावजूद, पब्लिक स्कूल यूनिट बच्चे के माता-पिता को नहीं ढूंढ सकी;
2. माता-पिता के अधिकारों को राज्य के कानून के अनुसार समाप्त कर दिया गया है; <u>या</u>

3. एक न्यायाधीश ने माता-पिता के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को शैक्षिक निर्णय लेने का अधिकार सौंपा है और उस व्यक्ति ने प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति प्रदान कर दी है।

जैसा कि IDEA में कहा गया है, राज्य के आश्रित बच्चे का अर्थ एक ऐसे बच्चे से है, जिसे उस राज्य द्वारा, जहाँ बच्चा रहता है, निम्नलिखित में से किसी एक के रूप में निर्धारित किया गया हो:

1. एक देखभाल में रहने वाला बच्चा;
2. राज्य कानून के तहत राज्य का एक आश्रित माना जाने वाला बच्चा; या
3. एक सार्वजनिक बाल कल्याण एजेंसी की अभिरक्षा रहने वाला बच्चा।

इसमें एक अपवाद है जिसके बारे में आपको पता होना चाहिए। राज्य के आश्रित बच्चे में वह देखभाल में रहने वाला बच्चा शामिल नहीं है जिसके ऐसे देखभालकर्ता माता-पिता है जो IDEA में उपयोग किए जाने वाले माता-पिता की परिभाषा को पूरा करते हैं।

सेवाओं के लिए माता-पिता की सहमति

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को पहली बार आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने से पहले आपकी सूचित सहमति प्राप्त करनी होगी।

पब्लिक स्कूल यूनिट को पहली बार आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने से पहले आपकी सूचित सहमति प्राप्त करने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए।

यदि आप पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्राप्त करने के लिए अपने बच्चे के लिए अपनी सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब नहीं देते हैं, या यदि आप इस तरह की सहमति देने से इनकार करते हैं या बाद में लिखित रूप में अपनी सहमति को रद्द कर देते (वापस लेते) हैं, तो आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का न करके (यानी, मध्यस्थता, न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत, समाधान मीटिंग, या एक निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई) समझौता या एक निर्णय प्राप्त करने के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ (आपके बच्चे की IEP टीम द्वारा अनुशंसित) आपकी सहमति के बिना आपके बच्चे को प्रदान की जा सकती हैं।

यदि आप अपने बच्चे को पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति देने से इनकार करते हैं, या यदि आप इस तरह की सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब नहीं देते हैं या बाद में लिखित रूप में अपनी सहमति रद्द करते (वापस लेते) हैं और पब्लिक स्कूल यूनिट आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान नहीं करती है जिसके लिए उसने आपकी सहमति मांगी थी, तो आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट:

1. आपके बच्चे को उन सेवाओं को प्रदान करने में विफलता के लिए आपके बच्चे को मुफ्त उचित सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) उपलब्ध कराने की आवश्यकता का उल्लंघन नहीं करती है; और
2. उन विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए, जिनके लिए आपकी सहमति मांगी गई थी, IEP मीटिंग आयोजित करने या आपके बच्चे के लिए व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) विकसित करने के लिए बाध्य नहीं है।

यदि आप अपने बच्चे को पहले विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने के बाद किसी भी समय पर लिखित रूप में अपनी सहमति रद्द करते (वापस लेते) हैं, तो पब्लिक स्कूल यूनिट ऐसी सेवाएँ प्रदान करना जारी नहीं रख सकती है, लेकिन आपको उन सेवाओं को बंद करने से पहले लिखित सूचना प्रदान करनी होगी, जैसा कि शीर्षक पूर्व लिखित सूचना के नीचे वर्णित है।

पुनर्मूल्यांकन के लिए माता-पिता की सहमति

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन करने से पहले आपकी सूचित सहमति प्राप्त करनी होगी, जब तक कि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट यह प्रदर्शित न कर सके कि:

1. उसने आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए उचित कदम उठाए; और
2. आपने कोई उत्तर नहीं दिया।

यदि आप अपने बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इनकार करते हैं, तो पब्लिक स्कूल यूनिट आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इनकार करने के लिए मध्यस्थता, न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत, समाधान मीटिंग और निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई का उपयोग करके आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन को आगे बढ़ा सकती है। प्रारंभिक मूल्यांकन की तरह, यदि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट इस तरीके से पुनर्मूल्यांकन कराने का प्रयास नहीं करती है, तो भी वह IDEA के भाग B के अंतर्गत अपने दायित्वों का उल्लंघन नहीं करती है।

माता-पिता की सहमति प्राप्त करने के लिए उचित प्रयासों का दस्तावेजीकरण

आपके स्कूल को प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने, पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करने, पुनर्मूल्यांकन के लिए, और प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए राज्य के बच्चों के माता-पिता का पता लगाने के लिए उचित प्रयासों के दस्तावेज बनाए रखने चाहिए। दस्तावेजीकरण में इन क्षेत्रों में पब्लिक स्कूल यूनिट के प्रयासों का रिकॉर्ड शामिल होना चाहिए, जैसे:

1. किए गए या प्रयास किए गए टेलीफोन कॉल के विस्तृत रिकॉर्ड और उन कॉलों के परिणाम;
2. आपको भेजे गए पत्राचार की प्रतियाँ और प्राप्त कोई भी प्रतिक्रिया; और
3. आपके घर या रोजगार के स्थान पर की गई यात्राओं का विस्तृत रिकॉर्ड और उन यात्राओं के परिणाम।

अन्य सहमति आवश्यकताएँ

पब्लिक स्कूल यूनिट को निम्नलिखित करने से पहले आपकी सहमति लेने की आवश्यकता नहीं है:

1. आपके बच्चे के मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के हिस्से के रूप में मौजूदा डेटा की समीक्षा करना; या
2. आपके बच्चे को ऐसी परीक्षा या अन्य मूल्यांकन देना, जो सभी बच्चों को दिया जाता है, जब तक कि उस परीक्षा या मूल्यांकन से पहले सभी बच्चों के माता-पिता से सहमति लेना आवश्यक न हो।

अगर आपने अपने बच्चे का दाखिला अपने खर्च पर किसी प्राइवेट स्कूल में कराया है या आप उसे घर पर ही पढ़ा रहे हैं (होम स्कूलिंग), और आप बच्चे के शुरुआती या दोबारा मूल्यांकन के लिए अपनी सहमति नहीं देते हैं, या सहमति देने के अनुरोध का जवाब नहीं देते हैं, तो हो सकता है कि पब्लिक स्कूल यूनिट विवाद सुलझाने की अपनी प्रक्रियाओं (जैसे मध्यस्थता, न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत, समाधान मीटिंग, या निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई) का इस्तेमाल न करे, और न ही उसे आपके बच्चे को समानुपातिक सेवाएँ प्राप्त करने के लिए पात्र मानना आवश्यक है (ये ऐसी सेवाएँ हैं जो माता-पिता द्वारा निजी स्कूल में दाखिला दिलाए गए कुछ विकलांग बच्चों को उपलब्ध कराई जाती हैं)।

34 CFR §300.502 - स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन

सामान्य

जैसा कि नीचे वर्णित है, आपको अपने बच्चे का एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (Independent Educational Evaluation, IEE) प्राप्त करने का अधिकार है यदि आप अपने पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा प्राप्त अपने बच्चे के मूल्यांकन से असहमत हैं।

यदि आप एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो पब्लिक स्कूल यूनिट को आपको इस बारे में जानकारी प्रदान करनी चाहिए कि आप एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं और स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन पर लागू होने वाले पब्लिक स्कूल यूनिट के मानदंड क्या हैं।

परिभाषाएँ

स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अर्थ है एक योग्य परीक्षक द्वारा किए गए मूल्यांकन जो आपके बच्चे की शिक्षा के लिए जिम्मेदार पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा नियोजित नहीं है।

सार्वजनिक व्यय का मतलब है कि पब्लिक स्कूल यूनिट या तो मूल्यांकन की पूरी लागत के लिए भुगतान करती है या यह सुनिश्चित करती है कि मूल्यांकन अन्यथा आपको बिना किसी लागत के प्रदान किया जाता है, जो IDEA के भाग B के प्रावधानों के अनुरूप हो, जो प्रत्येक राज्य को अधिनियम के भाग B की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य में उपलब्ध किसी भी राज्य, स्थानीय, संघीय और निजी स्रोत का उपयोग करने की अनुमति देता हो।

सार्वजनिक व्यय पर मूल्यांकन का अधिकार

आपको सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे के स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अधिकार है यदि आप निम्नलिखित शर्तों के अधीन अपनी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा प्राप्त अपने बच्चे के मूल्यांकन से असहमत हैं:

1. यदि आप अपने बच्चे के स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अनुरोध सार्वजनिक खर्च पर करते हैं, तो आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को अनावश्यक विलंब के बिना निम्नलिखित में से कोई एक कार्य करना होगा: (a) यह साबित करने के लिए कि आपके बच्चे का उसका मूल्यांकन उपयुक्त है, सुनवाई का अनुरोध करने हेतु उचित प्रक्रिया संबंधी शिकायत दर्ज करना; या (b) सार्वजनिक खर्च पर स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन उपलब्ध कराना, जब तक कि पब्लिक स्कूल यूनिट सुनवाई में यह साबित न कर दे कि आपके द्वारा अपने बच्चे का कराया गया मूल्यांकन पब्लिक स्कूल यूनिट के मानदंडों को पूरा नहीं करता।

2. यदि आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट सुनवाई का अनुरोध करती है और अंतिम निर्णय यह है कि आपके पब्लिक स्कूल यूनिट का आपके बच्चे का मूल्यांकन उचित है, तो आपको फिर भी एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक खर्च पर नहीं।

3. यदि आप अपने बच्चे के स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो पब्लिक स्कूल यूनिट पूछ सकती है कि आपको अपनी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा प्राप्त मूल्यांकन पर आपत्ति क्यों है। हालांकि, हो सकता है कि आपके पब्लिक स्कूल यूनिट को किसी स्पष्टीकरण की जरूरत न हो और न ही वे आपके बच्चे के स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन, जो सार्वजनिक व्यय पर हो, को उपलब्ध कराने में देर करें या आपके बच्चे के मूल्यांकन के अपने पक्ष का बचाव करने के लिए न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई की मांग वाली न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत दायर करने में, बिना किसी उचित कारण के देरी करें।

हर बार जब आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट आपके बच्चे का मूल्यांकन करती है जिससे आप असहमत हैं, तो आप सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे के केवल एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के हकदार हैं।

माता-पिता द्वारा शुरू किए गए मूल्यांकन

यदि आप सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे का एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन प्राप्त करते हैं या आप पब्लिक स्कूल यूनिट के साथ अपने बच्चे का मूल्यांकन साझा करते हैं जो आपने निजी खर्च पर प्राप्त किया था:

1. आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को आपके बच्चे के मूल्यांकन के परिणामों पर विचार करना चाहिए, यदि यह आपके बच्चे को मुफ्त उचित सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) के प्रावधान के संबंध में किए गए किसी भी निर्णय में, स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के लिए पब्लिक स्कूल यूनिट के मानदंडों को पूरा करता है; और
2. आप या आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट आपके बच्चे के बारे में न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई में मूल्यांकन को सबूत के रूप में प्रस्तुत कर सकती है।

एक प्रशासनिक कानून न्यायाधीश द्वारा मूल्यांकन के लिए अनुरोध

यदि कोई प्रशासनिक कानून न्यायाधीश न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई के हिस्से के रूप में आपके बच्चे के स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का अनुरोध करता है, तो मूल्यांकन की लागत सार्वजनिक खर्च होनी चाहिए।

पब्लिक स्कूल यूनिट मानदंड

अगर स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का खर्च सार्वजनिक तौर पर उठाया जा रहा है, तो मूल्यांकन करवाने के लिए जो शर्तें, जैसे मूल्यांकन की जगह और परीक्षक की योग्यता होंगी, वे वैसी ही होनी चाहिए जैसी शर्तें पब्लिक स्कूल यूनिट मूल्यांकन शुरू करते समय इस्तेमाल करती है (बशर्ते ये शर्तें स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के आपके अधिकार के अनुरूप हों)।

ऊपर वर्णित मानदंडों को छोड़कर, एक पब्लिक स्कूल यूनिट सार्वजनिक खर्च पर एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन प्राप्त करने से संबंधित शर्तों या समय-सीमा को लागू नहीं कर सकती है।

जानकारी की गोपनीयता

34 CFR §300.611 - परिभाषाएँ

जैसा कि जानकारी की गोपनीयता शीर्षक के तहत उपयोग किया गया है:

- नष्ट करने का अर्थ है भौतिक नष्टता या जानकारी से व्यक्तिगत पहचानकर्ताओं को हटाना ताकि जानकारी व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य न रहे।
- शिक्षा रिकॉर्ड का अर्थ है 34 CFR भाग 99 (1974 के पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम, 20 संयुक्त राज्य अमेरिका संहिता [United States Code, U.S.C.] 1232g (पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम [Family Educational Rights and Privacy Act, FERPA] को लागू करने वाले नियम) में "शिक्षा रिकॉर्ड" की परिभाषा के तहत कवर किए गए रिकॉर्ड का प्रकार।
- भाग लेने वाली एजेंसी का मतलब है कोई भी पब्लिक स्कूल यूनिट, एजेंसी या संस्था जो IDEA के भाग B के तहत व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी इकट्ठा करती है, उसे संग्रहित करती है या इस्तेमाल करती है, या जिससे जानकारी प्राप्त की जाती है।

34 CFR §300.32 - व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य का अर्थ है ऐसी जानकारी जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(a) आपके बच्चे का नाम, माता-पिता के रूप में आपका नाम, या परिवार के किसी अन्य सदस्य का नाम;

(b) आपके बच्चे का पता;

(c) एक व्यक्तिगत पहचानकर्ता, जैसे आपके बच्चे का सामाजिक सुरक्षा नंबर या छात्र संख्या; <u>या</u>

(d) व्यक्तिगत विशेषताओं या अन्य जानकारी की एक सूची जो आपके बच्चे को उचित निश्चितता के साथ पहचानना संभव बनाएगी।

34 CFR §300.612 - माता-पिता को सूचना

राज्य शैक्षिक एजेंसी (State Educational Agency) को माता-पिता को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी की गोपनीयता के बारे में पूरी तरह से सूचित करने के लिए पर्याप्त सूचना देनी होगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

1. राज्य में विभिन्न जनसंख्या समूहों की मातृभाषाओं में सूचना किस सीमा तक प्रदान की जाती है, इसका विवरण;
2. उन बच्चों का विवरण जिनके संबंध में व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी रखी जाती है, मांगी जाने वाली जानकारी के प्रकार, जानकारी एकत्र करने के लिए राज्य द्वारा उपयोग की जाने वाली विधियाँ (जिसमें उन स्रोतों का विवरण भी शामिल है जिनसे जानकारी एकत्र की जाती है), और जानकारी के उपयोग का विवरण;

3. व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी के भंडारण, तीसरे पक्ष को प्रकटीकरण, संरक्षण और नष्ट करने के संबंध में सहभागी एजेंसियों द्वारा अपनाई जाने वाली नीतियों और प्रक्रियाओं का सारांश; और

4. इस जानकारी के बारे में माता-पिता और बच्चों के सभी अधिकारों का विवरण, जिसमें पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) तथा 34 CFR भाग 99 में उसके कार्यान्वयन संबंधी विनियमों के अंतर्गत प्राप्त अधिकार भी शामिल हैं।

विशेष शिक्षा और उससे जुड़ी सेवाओं की जरूरत वाले बच्चों की पहचान करने, उनका पता लगाने या उनका मूल्यांकन करने (इसे "चाइल्ड फाइंड" भी कहा जाता है) से जुड़ी किसी भी बड़ी गतिविधि को शुरू करने से पहले, इसकी सूचना अख़बारों या दूसरे मीडिया, या दोनों, में प्रकाशित या प्रसारित की जानी चाहिए। इन मीडिया का दायरा इतना बड़ा होना चाहिए कि राज्य भर के माता-पिता को इन गतिविधियों के बारे में जानकारी मिल सके।

34 CFR §300.613 - पहुँच अधिकार

भाग लेने वाली एजेंसी को आपको अपने बच्चे से संबंधित किसी भी शिक्षा रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने की अनुमति देनी चाहिए जो IDEA के भाग B के तहत आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट द्वारा एकत्रित, रखरखाव या उपयोग किए जाते हैं। भाग लेने वाली एजेंसी को आपके बच्चे के किसी भी शिक्षा रिकॉर्ड की जाँच और समीक्षा करने के आपके अनुरोध का पालन करना होगा। यह काम बिना किसी अनावश्यक देरी के और व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) या किसी निष्पक्ष न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई (जिसमें समाधान मीटिंग या अनुशासन से संबंधित सुनवाई शामिल है) से पहले किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में, आपके अनुरोध के 45 कैलेंडर दिनों के बाद ऐसा किया जाना चाहिए।

शिक्षा रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने के आपके अधिकार में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. रिकॉर्ड के स्पष्टीकरण और व्याख्याओं के लिए आपके उचित अनुरोधों पर भाग लेने वाली एजेंसी से प्रतिक्रिया का आपका अधिकार;

2. अगर आप रिकॉर्ड्स की कॉपी मिले बिना उन्हें ठीक से देख और उनकी समीक्षा नहीं कर सकते, तो आपको यह अधिकार है कि आप संबंधित एजेंसी से उन रिकॉर्ड्स की कॉपी देने का अनुरोध करें; और

3. अपने प्रतिनिधि से रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा कराने का आपका अधिकार।

भाग लेने वाली एजेंसी यह मान सकती है कि आपके पास अपने बच्चे से संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने का अधिकार है, जब तक कि यह सलाह न दी जाए कि आपके पास संरक्षकता, अलगाव और तलाक जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले लागू राज्य कानून के तहत अधिकार नहीं है।

34 CFR §300.614 - पहुँच का रिकॉर्ड

प्रत्येक भाग लेने वाली एजेंसी को उन लोगों या संस्थाओं का रिकॉर्ड रखना होगा जिन्हें IDEA के भाग B के तहत इकट्ठा किए गए, बनाए रखे गए या इस्तेमाल किए गए शिक्षा रिकॉर्ड तक पहुँच मिली है (इसमें माता-पिता और एजेंसी के अधिकृत कर्मचारियों की पहुँच शामिल नहीं है)। इस रिकॉर्ड में उस पार्टी का नाम, पहुँच देने की तारीख और वह उद्देश्य शामिल होना चाहिए जिसके लिए वह रिकॉर्ड इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है।

34 CFR §300.615 - एक से अधिक बच्चों पर रिकॉर्ड

यदि किसी शिक्षा रिकॉर्ड में एक से ज्यादा बच्चों की जानकारी शामिल है, तो उन बच्चों के माता-पिता को केवल अपने बच्चे से जुड़ी जानकारी देखने और उसकी समीक्षा करने, या उस खास जानकारी के बारे में जानने का अधिकार है।

34 CFR §300.616 - जानकारी के प्रकार और स्थानों की सूची

अनुरोध करने पर, भाग लेने वाली हर एजेंसी को आपको उन शिक्षा रिकॉर्ड्स की सूची देनी होगी जिन्हें वह इकट्ठा करती है, संभालकर रखती है या इस्तेमाल करती है, और यह भी बताना होगा कि वे किस तरह के रिकॉर्ड हैं और कहाँ रखे गए हैं।

34 CFR §300.617 - शुल्क

IDEA के भाग B के तहत आपके लिए बनाई गई रिकॉर्ड की प्रति के लिए, इसमें शामिल कोई भी एजेंसी शुल्क ले सकती है, बशर्ते वह शुल्क आपको उन रिकॉर्ड को देखने और उनकी समीक्षा करने के आपके अधिकार का इस्तेमाल करने से न रोके।

IDEA के भाग B के तहत जानकारी खोजने या उसे प्राप्त करने के लिए कोई भी भाग लेने वाली एजेंसी शुल्क नहीं भी ले सकती है।

34 CFR §300.618 - माता-पिता के अनुरोध पर अभिलेखों का संशोधन

यदि आपको लगता है कि IDEA के भाग B के तहत आपके बच्चे के बारे में एकत्र किए गए, रखे गए या प्रयोग किए गए शिक्षा संबंधी रिकॉर्ड की जानकारी गलत या गुमराह करने वाली है, या इससे आपके बच्चे की निजता या दूसरे अधिकारों का उल्लंघन होता है, तो आप उस जानकारी को रखने वाली एजेंसी से जानकारी बदीमने का अनुरोध कर सकते हैं।

भाग लेने वाली एजेंसी को यह तय करना होगा कि क्या आपके अनुरोध के मिलने के बाद उचित समय के भीतर आपकी मांग के अनुसार जानकारी में बदलाव किया जाए।

यदि भाग लेने वाली एजेंसी आपके अनुरोध के अनुसार जानकारी में बदलाव करने से इनकार करती है, तो उसे आपको अपने इनकार के बारे में सूचित करना होगा और सुनवाई का अवसर शीर्षक के अंतर्गत वर्णित सुनवाई के आपके अधिकार के बारे में जानकारी देनी होगी।

34 CFR §300.619 - सुनवाई का अवसर

भाग लेने वाली एजेंसी को आपके अनुरोध पर, आपके बच्चे के शिक्षा संबंधी रिकॉर्ड में दी गई जानकारी को चुनौती देने के लिए आपको सुनवाई का अवसर प्रदान करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह जानकारी गलत, भ्रामक या अन्यथा आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करने वाली न हो।

34 CFR §300.621 - सुनवाई प्रक्रिया

शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी को चुनौती देने के लिए एक सुनवाई पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) के तहत ऐसी सुनवाई के लिए प्रक्रियाओं के अनुसार आयोजित की जानी चाहिए।

34 CFR §300.620 - सुनवाई का परिणाम

यदि, सुनवाई के बाद, शामिल एजेंसी यह तय करती है कि जानकारी गलत या गुमराह करने वाली है, या आपके बच्चे के निजता या दूसरे अधिकारों का उल्लंघन करती है, तो उसे उस जानकारी में जरूरी बदलाव करने होंगे और आपको लिखित रूप में इसकी जानकारी देनी होगी।

यदि सुनवाई के परिणामस्वरूप सहभागी एजेंसी यह निर्णय लेती है कि जानकारी गलत, भ्रामक या अन्यथा आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करने वाली नहीं है, तो उसे आपको यह अधिकार बताना होगा कि आप अपने बच्चे के संबंध में उसके द्वारा रखे गए रिकॉर्ड में उस जानकारी पर टिप्पणी करने वाला एक कथन या सहभागी एजेंसी के निर्णय से आपकी असहमति के किसी भी कारण को दर्ज कर सकते हैं।

आपके बच्चे के रिकॉर्ड में इस तरह के स्पष्टीकरण को रखा जाना चाहिए:

1. जब तक भाग लेने वाली एजेंसी आपके बच्चे के रिकॉर्ड या उसके किसी विवादित भाग को अपने पास रखती है, तब तक उसे आपके बच्चे के रिकॉर्ड के हिस्से के तौर पर बनाए रखा जाना चाहिए; और
2. यदि भाग लेने वाली एजेंसी आपके बच्चे के रिकॉर्ड या चुनौती दी गई जानकारी का खुलासा किसी भी पक्ष के सामने करती है, तो उस पक्ष को उसका स्पष्टीकरण भी देना होगा।

34 CFR §300.622 - व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी के प्रकटीकरण के लिए सहमति

जब तक जानकारी शिक्षा रिकॉर्ड में शामिल न हो और पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) के तहत माता-पिता की सहमति के बिना उसे बताने की अनुमति न हो, तब तक भाग लेने वाली एजेंसियों के अधिकारियों के अलावा किसी अन्य पक्ष को आपकी व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी बताने से पहले आपकी सहमति लेना जरूरी है। नीचे निर्दिष्ट स्थितियों के अलावा, IDEA के भाग B की जरूरतों को पूरा करने के लिए भाग लेने वाली एजेंसियों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी देने से पहले आपकी सहमति की जरूरत नहीं है।

स्थानांतरण सेवाएँ देने वाली या उनके लिए भुगतान करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों के लिए आपकी व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी देने से पहले, आपकी या राज्य के कानून के तहत वयस्क हो चुके योग्य बच्चे की सहमति लेना जरूरी है।

यदि आपका बच्चा ऐसे निजी स्कूल में पढ़ रहा है या पढ़ने जा रहा है, जो उस पब्लिक स्कूल यूनिट में स्थित नहीं है जहाँ आप रहते हैं, तो आपके बच्चे के बारे में किसी भी व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को उस पब्लिक स्कूल यूनिट के अधिकारियों के बीच जारी करने से पहले आपकी सहमति प्राप्त की
जानी चाहिए जहाँ निजी स्कूल स्थित है और उस पब्लिक स्कूल यूनिट के अधिकारियों के बीच जहाँ आप रहते हैं।

34 CFR §300.623 - सुरक्षा उपाय

प्रत्येक भाग लेने वाली एजेंसी को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को एकत्र करने, भंडारण करने, खुलासा करने और नष्ट करने के चरणों में उसकी गोपनीयता की रक्षा करनी होगी।

प्रत्येक भाग लेने वाली एजेंसी के एक अधिकारी को किसी भी ऐसी जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी लेनी होगी जिससे किसी व्यक्ति की पहचान की जा सके।

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी एकत्र करने या उपयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को IDEA के भाग B और पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) के तहत गोपनीयता के संबंध में आपके राज्य की नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण या निर्देश प्राप्त करने चाहिए।

प्रत्येक भाग लेने वाली एजेंसी को उन कर्मचारियों के नामों और पदों की मौजूदा सूची बनाए रखनी होगी, जिनकी एजेंसी में व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी तक पहुँच हो सकती है, ताकि जनता उसे देख सके।

34 CFR §300.624 - सूचना नष्ट करना

आपकी पब्लिक स्कूल यूनिट को आपको यह बताना होगा जब IDEA के भाग B के तहत इकट्ठा की गई, रखी गई या इस्तेमाल की गई जानकारी, जिससे किसी व्यक्ति की पहचान हो सके, जिसकी आपके बच्चे को शैक्षिक सेवा देने के लिए अब और जरूरत नहीं है।

आपके अनुरोध पर जानकारी नष्ट कर दी जानी चाहिए। हालांकि, आपके बच्चे के नाम, पते और फ़ोन नंबर, उनके ग्रेड, उपस्थिति रिकॉर्ड, क्लास जिनमें उपस्थिति थी, पूरा किया गया ग्रेड का स्तर और पूरा करने के साल का स्थाई रिकॉर्ड बिना किसी समय-सीमा के रखा जा सकता है।

राज्य की शिकायत संबंधित प्रक्रियाएँ

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायतों और सुनवाइयों तथा राज्य की शिकायतों की प्रक्रियाओं के बीच अंतर

IDEA के भाग B के विनियमों में राज्य की शिकायतों और न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायतों और सुनवाई के लिए अलग-अलग प्रक्रियाएँ निर्धारित की गई हैं। जैसा कि नीचे बताया गया है, कोई भी व्यक्ति या संगठन एक पब्लिक स्कूल यूनिट, राज्य शैक्षिक एजेंसी, या किसी अन्य पब्लिक एजेंसी द्वारा किसी भी भाग B आवश्यकता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए राज्य की शिकायत दर्ज कर सकता है। केवल आप या कोई पब्लिक स्कूल यूनिट ही न्यायपूर्ण प्रक्रिया के तहत शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह शिकायत किसी ऐसे मामले में हो सकती है जो किसी विकलांग बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षणिक भर्ती शुरू करने या बटीमने के प्रस्ताव या इनकार से जुड़ी हो, या फिर बच्चे को मुफ़्त और उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) देने से संबंधित हो। आम तौर पर, राज्य शिक्षा एजेंसी के कर्मचारियों को राज्य से जुड़ी शिकायत का समाधान 60 दिनों के भीतर करना होता है, अगर समय-सीमा को सही तरीके से बढ़ाई न जाए। वहीं, न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत के मामले में (अगर समाधान मीटिंग या मध्यस्थता से न हो), एक निष्पक्ष प्रशासनिक कानून न्यायधीश को सुनवाई करनी होगी
और समाधान की अवधि खत्म होने के 45 दिनों के भीतर लिखित निर्णय देना होगा, जैसा कि इस दस्तावेज़
में समाधान प्रक्रिया शीर्षक के तहत बताया गया है, बशर्ते प्रशासनिक कानून न्यायधीश आपके या पब्लिक
स्कूल यूनिट के अनुरोध पर समय-सीमा को बढ़ाने की विशेष अनुमति न दें। राज्य की शिकायत और न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत, समाधान और सुनवाई प्रक्रियाओं का पूरा वर्णन नीचे किया गया है। राज्य शिक्षा एजेंसी को ऐसे मॉडल फॉर्म तैयार करने होंगे जो न्यायपूर्ण प्रक्रिया के तहत शिकायत दर्ज करने में आपकी मदद करें, और मॉडल फॉर्म शीर्षक के तहत बताए गए तरीके से आपको या अन्य पक्षों को राज्य-स्तरीय शिकायत दर्ज करने
में सहायता करें।

34 CFR §300.151 - राज्य की शिकायत प्रक्रियाओं को अपनाना

सामान्य

प्रत्येक राज्य शैक्षिक एजेंसी के पास निम्नलिखित के लिए लिखित प्रक्रियाएँ होनी चाहिए:

1. किसी भी शिकायत का समाधान, जिसमें किसी संगठन या किसी अन्य राज्य के व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई शिकायत भी शामिल है;
2. राज्य शैक्षिक एजेंसी के साथ शिकायत दर्ज करना;
3. राज्य की शिकायत प्रक्रियाओं की जानकारी माता-पिता और अन्य इच्छुक लोगों तक बड़े पैमाने पर पहुँचाना; इसमें माता-पिता के लिए प्रशिक्षण और सूचना केंद्र, सुरक्षा और वकालत करने वाली एजेंसियाँ, स्वतंत्र रूप से रहने में मदद करने वाले केंद्र और अन्य संबंधित संस्थाएँ शामिल हैं।

उचित सेवाएँ उपलब्ध न कराए जाने का समाधान

राज्य की किसी शिकायत का समाधान करते समय, जिसमें राज्य शिक्षा एजेंसी ने उचित सेवाएँ प्रदान न कर पाने की बात पाई है, राज्य शिक्षा एजेंसी को इन बातों पर ध्यान देना होगा:

1. उचित सेवाएँ प्रदान करने में विफलता, जिसमें बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई शामिल है (जैसे प्रतिपूरक सेवाएँ या मौद्रिक प्रतिपूर्ति); और

2. सभी विकलांग बच्चों के लिए भविष्य में सेवाओं का उपयुक्त प्रावधान।

34 CFR §300.152 - न्यूनतम राज्य की शिकायत प्रक्रियाएँ

समय-सीमा; न्यूनतम प्रक्रियाएँ

हर राज्य की शिक्षा एजेंसी को अपनी राज्य-स्तरीय शिकायत प्रक्रियाओं में, शिकायत दर्ज होने के बाद 60 दिनों के भीतर निम्नलिखित कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित करनी होगी:

1. अगर राज्य शिक्षा एजेंसी यह तय करती है कि जाँच जरूरी है, तो स्वतंत्र रूप से मौके पर जाकर जाँच करना;
2. शिकायतकर्ता को शिकायत में लगाए गए आरोपों के बारे में मौखिक या लिखित रूप में अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत करने का अवसर देना;
3. पब्लिक स्कूल यूनिट या किसी अन्य पब्लिक एजेंसी को शिकायत का जवाब देने का अवसर देना, जिसमें कम से कम ये बातें शामिल हों: (a) एजेंसी की मर्ज़ी से, शिकायत को सुलझाने का प्रस्ताव; और (b) शिकायत करने वाले माता-पिता और एजेंसी को अपनी मर्ज़ी से मध्यस्थता के लिए सहमत होने का अवसर।
4. सारी प्रासंगिक जानकारी की समीक्षा करना और स्वतंत्र रूप से यह निर्धारित करना कि क्या पब्लिक स्कूल यूनिट या अन्य पब्लिक एजेंसी IDEA के भाग B की आवश्यकता का उल्लंघन कर रही है; और
5. शिकायतकर्ता को एक लिखित निर्णय जारी करना, जिसमें शिकायत के प्रत्येक आरोप का समाधान किया गया हो और निम्नलिखित शामिल हों : (a) तथ्यों के निष्कर्ष और निष्कर्षात्मक निर्णय; और (b) राज्य शैक्षिक एजेंसी के अंतिम निर्णय के कारण।

समय विस्तार; अंतिम निर्णय; कार्यान्वयन

ऊपर वर्णित राज्य शैक्षिक एजेंसी की प्रक्रियाओं में ये बातें भी शामिल होनी चाहिए:

1. 60 दिनों की समय-सीमा को बढ़ाने की अनुमति केवल तभी दी जाए, जब: (a) किसी खास राज्य-स्तरीय शिकायत के मामले में असाधारण परिस्थितियाँ मौजूद हों; या (b) आप और संबंधित पब्लिक स्कूल यूनिट या अन्य सार्वजनिक एजेंसी, मध्यस्थता या विवाद समाधान के वैकल्पिक साधनों के माध्यम से मामले का समाधान करने के लिए समय बढ़ाने पर स्वेच्छा से सहमत हों, यदि ऐसे साधन राज्य में उपलब्ध हों।
2. राज्य शैक्षिक एजेंसी के अंतिम निर्णय को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ शामिल हों, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं : (a) तकनीकी सहायता गतिविधियाँ; (b) वार्ता; और (c) नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाइयाँ।

राज्य की शिकायतें और न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाइयाँ

अगर राज्य को कोई लिखित शिकायत मिलती है जो न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई का भाग है जैसे कि शीर्षक न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत के तहत दर्ज में वर्णित किया गया है, या राज्य की शिकायत में कई मुद्दे शामिल हैं जिनमें से एक या ज्यादा मुद्दे ऐसी सुनवाई का हिस्सा हैं, तो राज्य को शिकायत के उस हिस्से को अलग रखना होगा जिस पर न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई में विचार किया जा रहा है, और ऐसा तब तक करना होगा जब तक सुनवाई पूरी न हो जाए। राज्य की शिकायत में कोई भी मुद्दा जो न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई का हिस्सा नहीं है, उसे ऊपर वर्णित समय-सीमा और प्रक्रियाओं का उपयोग करके हल किया जाना चाहिए।

यदि राज्य की शिकायत में उठाए गए किसी मुद्दे पर पहले उन्हीं पक्षों (उदाहरण के लिए, आप और पब्लिक स्कूल यूनिट) के बीच हुई न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई में निर्णय हो चुका है, तो उस मुद्दे पर न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई का निर्णय ही मान्य होगा। साथ ही, राज्य की शिक्षा एजेंसी को शिकायत करने वाले को यह बताना होगा कि वह निर्णय मान्य है।

अगर शिकायत इस बारे में है कि किसी पब्लिक स्कूल यूनिट या दूसरी पब्लिक एजेंसी ने न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई के निर्णयों को लागू नहीं किया है, तो उस शिकायत का समाधान राज्य शिक्षण एजेंसी को करना होगा।

34 CFR §300.153 - राज्य की शिकायत दर्ज करना

कोई संगठन या व्यक्ति ऊपर बताई गई प्रक्रियाओं के तहत हस्ताक्षरित लिखित राज्य की शिकायत दर्ज कर सकता है।

राज्य की शिकायत में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

1. एक बयान कि एक पब्लिक स्कूल यूनिट या अन्य पब्लिक एजेंसी ने 34 CFR भाग 300 में IDEA के भाग B या इसके कार्यान्वयन नियमों की आवश्यकता का उल्लंघन किया है;
2. वे तथ्य जिन पर कथन आधारित है;
3. शिकायत दर्ज करने वाले पक्ष के लिए हस्ताक्षर और संपर्क जानकारी; तथा
4. यदि किसी विशिष्ट बच्चे के संबंध में उल्लंघन का आरोप लगाया जा रहा है, तो:
    a. बच्चे का नाम और बच्चे के निवास का पता;
    b. उस स्कूल का नाम जिसमें बच्चा पढ़ रहा है;
    c. बेघर बच्चे या युवा लोगों के मामले में, बच्चे के लिए उपलब्ध संपर्क जानकारी, और उस स्कूल का नाम जिसमें बच्चा पढ़ रहा है;
    d. बच्चे की समस्या की प्रकृति का विवरण, जिसमें समस्या से संबंधित तथ्य शामिल हैं; <u>और</u>
    e. शिकायत दर्ज करते समय शिकायत दर्ज करने वाले पक्ष को ज्ञात और उपलब्ध सीमा तक समस्या का प्रस्तावित समाधान।

शिकायत में एक उल्लंघन का आरोप होना चाहिए जो शिकायत प्राप्त होने की तारीख से एक वर्ष से अधिक पहले न हुआ हो, जैसा कि शीर्षक राज्य की शिकायत प्रक्रियाओं को अपनाना के तहत वर्णित है।

राज्य की शिकायत दर्ज करने वाले पक्ष को शिकायत की एक प्रति पब्लिक स्कूल यूनिट या बच्चे की देखभाल करने वाली अन्य पब्लिक एजेंसी को उसी समय प्रदान करनी होगी जब वह पक्ष राज्य शैक्षिक एजेंसी के पास शिकायत दर्ज करता है।

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत संबंधित प्रक्रियाएँ

34 CFR §300.507 - न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करना

सामान्य

आप या पब्लिक स्कूल यूनिट किसी भी ऐसे मामले पर न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत दर्ज कर सकते हैं जो आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन या शैक्षणिक भर्ती शुरू करने या बटीमने के प्रस्ताव या इनकार से जुड़ी हो, या आपके बच्चे को मुफ़्त और उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) देने से संबंधित हो।

न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत में ऐसे उल्लंघन का ज़िक्र होना चाहिए जो उस समय से एक साल से ज्यादा पहले न हुआ हो, जब आपको या पब्लिक स्कूल यूनिट को उस कथित कार्रवाई के बारे में पता चला या पता चलना चाहिए था, जिस पर न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत आधारित है।

उपरोक्त समय-सीमा आप पर लागू नहीं होती है यदि आप समय-सीमा के भीतर न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत दर्ज नहीं कर सकते हैं क्योंकि:

1. पब्लिक स्कूल यूनिट ने विशेष रूप से गलत तरीके से प्रस्तुत किया हो कि उसने शिकायत में पहचाने गए मुद्दों को हल कर दिया है; या
2. पब्लिक स्कूल यूनिट ने आपसे यह जानकारी छुपाई हो जिसे आपको IDEA के भाग B के तहत प्रदान करना आवश्यक था।

माता-पिता के लिए सूचना

अगर आप जानकारी मांगते हैं, या आप या पब्लिक स्कूल यूनिट न्यायपूर्ण प्रक्रिया के तहत कोई शिकायत दर्ज करते हैं, तो पब्लिक स्कूल यूनिट को आपको उस इलाके में उपलब्ध कोई भी मुफ़्त या कम लागत वाली कानूनी और अन्य जरूरी सेवाओं के बारे में बताना होगा।

34 CFR §300.508 - न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत

सामान्य

सुनवाई का अनुरोध करने के लिए, आपको, या पब्लिक स्कूल यूनिट (या आपके वकील या पब्लिक स्कूल यूनिट के वकील) को दूसरे पक्ष को न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत प्रस्तुत करनी होगी। उस शिकायत में नीचे सूचीबद्ध सारी जानकारी होनी चाहिए और इसे गोपनीय रखा जाना चाहिए। जो भी शिकायत दर्ज करता है, उसे राज्य शैक्षिक एजेंसी को शिकायत की एक प्रति भी प्रदान करनी होगी।

शिकायत की सामग्री

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत में शामिल होना चाहिए:

1. बच्चे का नाम;
2. बच्चे के निवास का पता;
3. बच्चा जिस स्कूल में पढ़ता है उसका नाम;
4. यदि बच्चा बेघर या युवा है, तो बच्चे की संपर्क जानकारी और बच्चे के स्कूल का नाम;
5. बच्चे की उस समस्या का विवरण जो प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई से संबंधित है, जिसमें समस्या से जुड़े तथ्य भी शामिल हैं; और

6. उस समय शिकायत करने वाले पक्ष (आप या पब्लिक स्कूल यूनिट) को ज्ञात और उपलब्ध सीमा तक समस्या का प्रस्तावित समाधान।

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर सुनवाई से पहले सूचना की आवश्यकता होती है

आप या पब्लिक स्कूल यूनिट तब तक न्यायपूर्ण प्रक्रिया सुनवाई नहीं कर सकते, जब तक कि आप या पब्लिक स्कूल यूनिट (या आपके वकील या पब्लिक स्कूल यूनिट के वकील) ऐसी न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत दाखिल न करें, जिसमें ऊपर बताई गई जानकारी शामिल हो।

शिकायत की पर्याप्तता

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत को आगे बढ़ाने के लिए, इसे पर्याप्त माना जाना चाहिए। न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत को (ऊपर बताई गई जरूरी बातों को पूरा करने के लिए) तब तक सही माना जाएगा, जब तक कि शिकायत पाने वाले पक्ष (आप या पब्लिक स्कूल यूनिट) शिकायत मिलने के 15 दिनों के अंदर प्रशासनिक कानून न्यायाधीश और दूसरे पक्ष को लिखित रूप में यह न बताए कि उसे लगता है कि न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत में ऊपर बताई गई जरूरी शर्तें पूरी नहीं हुई हैं।

जब संबंधित पक्ष (आप या पब्लिक स्कूल यूनिट) को यह सूचना मिलती है कि न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत अपर्याप्त है, तो उसके पांच दिनों के भीतर प्रशासनिक कानून न्यायाधीश को यह तय करना होगा कि क्या शिकायत ऊपर बताई गई शर्तों को पूरा करती है या नहीं, और तुरंत आपको तथा पब्लिक स्कूल यूनिट को लिखित रूप में सूचित करना होगा।

शिकायत संशोधन

आप या पब्लिक स्कूल यूनिट शिकायत में केवल तभी बदलाव कर सकती है जब:

1. अन्य पक्ष बदलावों को लिखित रूप में मंज़ूरी देता है और उसे शीर्षक समाधान प्रक्रिया के तहत बताई गई समाधान मीटिंग के ज़रिए न्यायपूर्ण प्रक्रिया से जुड़ी शिकायत को सुलझाने का मौका दिया जाता है। <u>या</u>
2. प्रशासनिक कानून न्यायाधीश न्यायपूर्ण प्रक्रिया की सुनवाई शुरू होने से पांच दिन पहले परिवर्तनों के लिए अनुमति देता है।

यदि शिकायत करने वाला पक्ष (आप या पब्लिक स्कूल यूनिट) न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत में बदलाव करती है, तो समाधान मीटिंग की समय-सीमा (शिकायत प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर) और समाधान की समय अवधि (शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर) संशोधित शिकायत दर्ज होने की तारीख से फिर से शुरू होगी।

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर पब्लिक स्कूल यूनिट की प्रतिक्रिया

यदि पब्लिक स्कूल यूनिट ने पूर्व लिखित सूचना शीर्षक के अंतर्गत वर्णित अनुसार, आपकी उचित प्रक्रिया संबंधी शिकायत में शामिल विषय-वस्तु के संबंध में आपको पूर्व लिखित सूचना नहीं भेजी है, तो उचित प्रक्रिया संबंधी शिकायत प्राप्त होने के 10 कैलेंडर दिनों के भीतर, पब्लिक स्कूल यूनिट को आपको एक ऐसा उत्तर भेजना होगा जिसमें निम्नलिखित शामिल हों

1. इस बात का स्पष्टीकरण कि पब्लिक स्कूल यूनिट ने न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत में उठाए गए कदम को उठाने का प्रस्ताव क्यों दिया या उससे इनकार क्यों किया;
2. आपके बच्चे के व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) की टीम ने जिन अन्य विकल्पों पर विचार किया था, उनका विवरण और उन विकल्पों को अस्वीकार करने के कारण;
3. हर उस मूल्यांकन प्रक्रिया, आकलन, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का विवरण, जिसका इस्तेमाल पब्लिक स्कूल यूनिट ने प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के आधार के तौर पर किया था; <u>और</u>

4. अन्य कारकों का विवरण जो पब्लिक स्कूल यूनिट की प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के लिए प्रासंगिक हैं।

ऊपर दिए गए बिंदू 1-4 में जानकारी देने का मतलब यह नहीं है कि पब्लिक स्कूल यूनिट यह नहीं कह सकती कि आपकी न्यायपूर्ण प्रक्रिया शिकायत अपर्याप्त थी।

न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर अन्य पक्ष की प्रतिक्रिया

ऊपर दिए गए न्यायपूर्ण प्रक्रिया की शिकायत पर पब्लिक स्कूल यूनिट की प्रतिक्रिया उप-शीर्षक के अंतर्गत उल्लिखित प्रावधान को छोड़कर, उचित प्रक्रिया संबंधी शिकायत प्राप्त करने वाले पक्ष को शिकायत प्राप्त होने के 10 कैलेंडर दिनों के भीतर दूसरे पक्ष को ऐसा उत्तर भेजना होगा, जिसमें शिकायत में उठाए गए मुद्दों का विशेष रूप से समाधान किया गया हो।

